# देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बंगाल में भाजपा सरकार जरूरी थी : विजयवर्गीय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पश्चिम बंगाल में भाजपा का जीतना देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए जरूरी था. सीमावर्ती राज्यों में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए भाजपा की सरकार बनाना जरूरी हो गया था. आज बाहरी सुरक्षा पर चर्चा होती है, लेकिन आंतरिक सुरक्षा भी उतनी ही अनिवार्य है. तृणमूल कांग्रेस सरकार में मां, मानुष और माटी तीनों सुरक्षित नहीं थे. मुझ जैसे व्यक्ति पर बलात्कार और बच्चे बेचने के केस लगा दिए गए. आरएसएस के लोगो को प्रताड़ित किया गया.**

उक्त बात नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद मीडिया से कही. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत मिली है. उक्त ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की मेहनत का परिणाम है. विजयवर्गीय ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों में बीजेपी की सरकार होना देश की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे सुनिश्चित किया है. विजयवर्गीय ने बंगाल की जीत को देश की आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी जीत बताया है. उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई भी सुरक्षित नहीं था, लेकिन आज निष्पक्ष चुनाव के कारण बांग्लादेशी बंगाल से सीमा के बाहर भाग रहे हैं. बंगाल में महिलाओं का अपमान किया गया, उसी का परिणाम सत्ताधारी पार्टी को मिला है. इस देश की पहचान श्री राम, श्री कृष्ण, गंगा-जमुना और बद्रीनाथ-केदारनाथ हैं. बंगाल की जीत देश को और ताकतवर बनाएगी.

### जब भावुक हो गए विजयवर्गीय

बंगाल और असम जीत के विषय में बात करते वक्त मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भावुक हो गए. उन्होंने कहा कि मुझे किस कदर प्रताड़ित किया गया है कि मुझ पर बलात्कार, बच्चे बेचने के प्रकरण दर्ज किए गए हैं. मुझ जैसे व्यक्ति पर प्रकरण दर्ज बोलते हुए विजयवर्गीय भावुक हो गए और उनकी आंखें भर आई. उन्होंने जेब से रुमाल निकाला और आंसू पूछे. फिर बोले मेरे और बीजेपी अध्यक्ष के काफिले पर पत्थर फेंके गए है. आज मैं जिंदा और सुरक्षित हूं तो अमित शाह और न्याय पालिका के कारण. वर्ना मुझे जेल में डाल दिया जाता.



**हार के बाद मैदान छोड़ भागे नेता:** विपक्ष पर हमला करते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि हार के बाद उनके नेता मैदान छोड़कर भाग गए हैं. अब वे कांग्रेस और राहुल गांधी की तरह रोने लगे हैं और अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग व ईवीएम मशीन पर फोड़ रहे हैं. उन्होंने एक नेता का नाम लिए बिना कहा कि अभिषेक नाम के नेता ने गृहमंत्री को अपशब्द कहे थे, लेकिन चुनाव परिणाम आते ही वह भाग गया है. अंत में असम में दोबारा बीजेपी सरकार बनने पर कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा एक बेहतरीन नेता है.

**30 साल में पहली बार निष्पक्ष चुनाव :** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 30 साल में पहली बार निष्पक्ष चुनाव हुए हैं. उन्होंने कहा पिछले चुनाव में फलता विधानसभा में उन पर और जेपी नड्डा के काफिले पर कितने बड़े-बड़े पत्थर फेंके गए थे. विजयवर्गीय ने बताया कि बंगाल में अपराधियों को जेड+ सुरक्षा दी जाती है, जो हमारे सांसदों को भी नहीं मिलती. बंगाल में अपराधिक गठजोड़ काम करता था, जिसे इस चुनाव में चुनाव आयोग ने तोड़ दिया.

### बंगाल में भाजपा की जमीन बनाने में भूमिका अहम

बंगाल में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की है। इस जीत के पीछे 2021 चुनाव के पूर्व बंगाल में भाजपा के प्रभारी बनकर पहुंचे विजयवर्गीय की भूमिका महत्वपूर्ण है। भले ही भाजपा 2021 के विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाई, लेकिन वहां के स्थानीय नगर पालिका, पंचायत, नगर पंचायतों से लेकर लोकसभा तक के लिए विजयवर्गीय ने भाजपा की जमीन तैयार कर दी। भाजपा के कार्यकर्ता खड़े कर दिए थे। अमित शाह और जेपी नड्डा के रोड शो और संगठन में लोगों को जोड़कर मजबूती देने का काम कैलाश विजयवर्गीय ने किया था। आज उसी का परिणाम है कि बंगाल में कमल खिल गया। बंगाल जीत में संगठन और संघ के बीच समन्वय स्थापित करने में भी विजयवर्गीय ने अहम भूमिका निभाई है।

## एक नजर में

### इनडीड ऐप चैटजीपीटी में उपलब्ध हुआ

इंदौर. हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड ने अपने इनडीड ऐप का विस्तार भारत एवं 50 अन्य देशों में चैटजीपीटी के अंदर किया है. इससे पहले इसे इस साल अमेरिका में लॉन्च किया गया था. अब भारत में लॉन्च होने के बाद यह ऐप नौकरी के इच्छुकों को इनडीड की जॉब लिस्टिंग चैटजीपीटी के माध्यम से उपलब्ध कराएगा. इस समर्पित अनुभव द्वारा इनडीड का विशाल जॉब मार्केट ओपन.ए.आई के चैटजीपीटी की बातचीत की शैली में उपलब्ध हो जाएगा. इनडीड के वीपी, प्रोडक्ट, सोल गार्गर ने कहा करियर की प्रेरणा किसी भी स्थान से मिल सकती है. हमने इनडीड के व्यापक हायरिंग मार्केटप्लेस को चैटजीपीटी की आधुनिक मैचिंग से जोड़ा है, ताकि नौकरी के इच्छुक इस प्रेरणा को तुरंत अमल में ला सकें और नियोक्ताओं को प्रतिभाशाली लोगों से जुड़ने के नए तरीके मिलें, जो उनके बिजनेस को आगे बढ़ाने में मदद करें.

### एयू बैंक ने जीरो फॉरेक्स मार्जिन रेमिटेंस की शुरुआत की

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक दशक से अधिक समय में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी पाने वाला पहला संस्थान, ने अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर में छिपे शुल्कों को खत्म करने के उद्देश्य से एक ग्राहक-केंद्रित फॉरेक्स पहल की शुरुआत की है. इस पेशकश के साथ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक निजी क्षेत्र में इनवर्ड और आउटवर्ड, दोनों प्रकार की रेमिटेंस पर ज़ीरो फॉरेक्स मार्जिन और ज़ीरो बैंक चार्ज प्रदान करने वाला भारत का एकमात्र बैंक बन गया है. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम तिबरेवाल ने कहा हमारे अनुभव में, फॉरेक्स लेन-देन में सबसे लगातार रहने वाली लागत हमेशा दिखाई देने वाली नहीं होती- बल्कि यह इस बात की अस्पष्टता होती है कि अंतत: ग्राहक को वास्तव में कितना प्राप्त होगा. एयू में, हम मानते हैं कि बैंकिंग को जीवन सरल बनाना चाहिए, न कि ग्राहकों को परिणामों को लेकर अंदाज़े लगाने पर मजबूर करना चाहिए.

### अमेजन ग्लोबल सेलिंग से इंदौर सेलर्स पहुंच रहे विश्व तक

इंदौर. एमेज़ॉन के ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट प्रोग्राम, एमेज़ॉन ग्लोबल सैलिंग के अंतर्गत इंदौर में एक्सपोर्ट हाट का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य भारत में बढ़ते हुए व्यवसायिक केंद्रों को एक्सपोर्ट के अवसर प्रदान करना था. इंदौर में आयोजित एक्सपोर्ट हाट में इंदौर और नजदीकी इलाकों, जैसे भोपाल के 150 से अधिक एक्सपोर्टर सम्मिलित हुए. यहाँएक्सपोर्टर्स को अपने एक्सपोर्ट व्यवसाय को शुरू करने और आगे बढ़ाने के लिए जरूरी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया. श्रीनिधि कल्वापुड़ी, हेड, एमेज़ॉन ग्लोबल सेलिंग इंडिया ने कहा इंदौर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जो पूरे भारत में देखने को मिल रहा है. उभरते हुए एक्सपोर्ट केंद्रों के व्यवसाय मजबूती से विश्व के बाजारों की ओर बढ़ रहे हैं. मध्य प्रदेश भारत के सबसे महत्वपूर्ण टेक्सटाईल और कॉटन उत्पादक राज्यों में से एक हैय यहाँ पर निर्माण की क्षमता वैश्विक मांग को बढ़ावा दे रही है और 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स को पूरे विश्व के ग्राहकों तक पहुँचा रही है.

### सात दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ आज से

इंदौर. महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर-ममलेश्वर जैसे दो ज्योतिर्लिंगों के बीच बसी देवी अहिल्या की नगरी और माँ नर्मदा एवं क्षिप्रा के सानिध्य में पहली बार शहर के खजराना गणेश मन्दिर पर 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन 5 से 11 मई तक प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक माँ नर्मदा के अनन्य भक्त महायोगी अवधूत दादागुरु भगवान की प्रेरणा एवं उनके पावन सानिध्य में होगा. आयोजन समिति के राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल एवं देवांग शर्मा ने बताया कि कथा का शुभारंभ मंगलवार को शाम 4 बजे खजराना गणेश मंदिर परिसर में वृक्ष कलश यात्रा के साथ होगा. मंगल कलशधारी 501 महिलाओं को कलश में नर्मदा जल के साथ एक-एक पौधा भी दिया जाएगा जो सातों दिन कथा स्थल पर रखने के बाद अभिमंत्रित और सिद्ध पौधे के रूप में मातृशक्ति को दादागुरु के करकमलों से भेंट किया जाएगा.



### भारतीय स्मॉलकैप्स ने दिखाई मजबूत बढ़त

इंदौर. ओम्निसाइंस इनसाइट लैब ने आज अपनी नवीनतम रिपोर्ट कैप्चरिंग मिस्टर मार्केट्स मूवमेंट्स एंड मोमेंट्स जारी किया है जिसमें अप्रैल 2026 के दौरान कमजोर मैक्रो-आर्थिक संकेतकों और मजबूत इक्विटी बाज़ार प्रदर्शन के बीच स्पष्ट असंगति को रेखांकित किया गया है. भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, महंगाई का दबाव, मुद्रा अवमूल्यन और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर बिकवाली जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारतीय इक्विटी बाज़ार ने सभी प्रमुख सेगमेंट्स में प्रभावशाली रिटर्न दर्ज किए। विशेष रूप से, स्मॉलकैप सेगमेंट ने बाज़ार रैली का नेतृत्व किया. डॉ. विकास गुप्ता, सीईओ एवं चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटेजिस्ट, ने कहा मिस्टर मार्केट एक जादूगर की तरह है- जो एक हाथ से मैक्रो संकेतकों की ओर ध्यान खींचता है, जबकि असली कहानी दूसरे हाथ में चल रही होती है। मजबूत फंडामेंटल्स, विकास की संभावनाएँ और गलत मूल्यांकन मिलकर वास्तविक रिटर्न का निर्माण करते हैं.

### एनएसई ने लॉन्च किए इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स

इंदौर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) को एक नए सेगमेंट के तौर पर लॉन्च किया है. यह एक क्राँतिकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के पारंपरिक और बड़े गोल्ड मार्केट में पारदर्शिता, सहजता और एक मजबूत सिस्टम लाना है. यह पहल फिजिकल गोल्ड और फाइनेंशियल मार्केट के बीच के सदियों से चले आ रहे अंतर को खत्म करने में मदद करेगी, जहाँ सोने की खरीदी-बिक्री एक सुरक्षित, रेगुलेटेड और टेक्नोलॉजी बेस्ड प्लेटफॉर्म पर हो सकेगी. श्री श्रीराम कृष्णन चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर (सीबीडीओ) एनएसई, ने कहा एनएसई पर इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स की शुरुआत इस विषय में एक बड़ा बदलाव है कि भारत अपने सबसे पसंदीदा एसेट, यानि सोने के साथ कैसे जुड़ता है. एनएसई की मजबूत टेक्नोलॉजी और लिक्विडिटी सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए हम गोल्ड तक पहुँच को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे देश भर के निवेशक अब ज्यादा पारदर्शिता और भरोसे के साथ ट्रेड कर सकेंगे.

### स्कोडा ने सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर से साझेदारी की

इंदौर. स्कोडा ऑटो इंडिया ने गैर-महानगरीय और अर्ध-शहरी भारत में अपनी पहुँच के विस्तार के लिए कॉमन सर्विसेस सेंटर (सीएससी) ग्रामीण ई-स्टोर के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है. इस सहयोग के माध्यम से, स्कोडा ऑटो इंडिया उन चुनिंदा प्रीमियम ऑटोमोबाइल ब्रांड्स में शामिल हो गई है, जो सीएससी के व्यापक डिजिटल और भौतिक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, देश के नए और उभरते क्षेत्रों में ग्राहकों को काइलैक, कुशाक और स्लाविया जैसे मॉडल्स की पेशकश करेगी. इस साझेदारी पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा स्कोडा ऑटो इंडिया में हमारी विकास यात्रा का आधार पहुँच बढ़ाने और नए बाजारों में अपनी प्रासंगिकता स्थापित करने पर आधारित है. सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के साथ हमारी साझेदारी हमें विश्वसनीय स्थानीय नेटवर्क की ताकत को हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो को जोड़ते हुए पहुँच की खाई को पाटने में सक्षम बनाती है, ताकि भारतीय ग्राहकों के लिए प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाया जा सके.

## झाबुआ में मेडिकल कॉलेज की तैयारी तेज, विश्वविद्यालय ने दी बड़ी सौगात

**इंदौर।** झाबुआ में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघाई ने दी। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। साथ ही झाबुआ के जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज से जोड़कर उसे शैक्षणिक अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण मिल सके।

कुलगुरु ने बताया कि जब तक मेडिकल कॉलेज की स्थायी बिल्डिंग तैयार नहीं होती, तब तक इसे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में अस्थायी रूप से संचालित करने का प्रस्ताव है। इस व्यवस्था में इंजीनियरिंग कॉलेज की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा और दोनों संस्थान स्वतंत्र रूप से काम करते रहेंगे।

मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल में आवेदन भी कर दिया गया है। फिलहाल झाबुआ में लगभग 250 बेड का अस्पताल मौजूद है, जबकि 100 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज के लिए 300 बेड की आवश्यकता होती है।

अतिरिक्त निर्माणाधीन अस्पतालों को जोड़कर यह जरूरत पूरी की जाएगी, जिससे कॉलेज संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी। स्थायी भवन निर्माण में लगभग 300 से 400 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। सभी आवश्यक अनुमतियाँ मिलते ही निर्माण और संचालन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## एयरपोर्ट से लगी सरकारी जमीन का अतिक्रमण हटाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज प्रशासन ने एयरपोर्ट के पास सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. उक्त जमीन एयरपोर्ट विस्तार के उपयोग में ली जा सकती है. जमीन पर शेड, कुर्सी हाइट तक निर्माण कार्य कर लिया गया था. 2.7 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया है.**

आज एयरपोर्ट के पास स्थित सिरपुर गांव की सर्वे नंबर 33 सरकारी जमीन पर प्रशासन का बुलडोजर चला. उक्त 2.7 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अज्ञात लोगों ने कब्जा कर 5 स्थानों पर कुर्सी हाइट तक कालम बीम खड़े कर लिए थे. तीन स्थानों पर टीन शेड का निर्माण कर लिया गया था. बाकी जगहों पर भी कब्जे किए जा रहे थे. सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलने के बाद आज प्रशासन, नगर निगम और पुलिस ने



संयुक्त कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. बताया जा रहा है कि उक्त जमीन भविष्य में एयरपोर्ट विस्तार के उपयोग में ली जाएगी, क्योंकि जमीन एयरपोर्ट की सीमा से लगी हुई है. कार्रवाई के दौरान एसडीएम मल्हारगंज निधि वर्मा और तहसीलदार लोकेश आहूजा, एयरपोर्ट पुलिस और नगद निगम का रिमूवल दस्ते के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

## मेट्रो संचालन को मिलेगी रफ्तार, इंदौर में नया पॉवर ट्रांसफार्मर शुरू

- इंदौर मेट्रो के लिए पावर बूस्ट, 200 एमवीए ट्रांसफार्मर हुआ ऊर्जीकृत

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. मेट्रो परियोजना के लिए बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने मांगलिया स्थित 220 केवी सबस्टेशन पर 200 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर उसे चालू कर दिया है. इसका मुख्य उद्देश्य इंदौर मेट्रो को निरंतर और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना है.**




यह काम आसान नहीं था क्योंकि खजराना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में अतिरिक्त बिजली ढांचा तैयार करना तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण था. इसके बावजूद एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों ने अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए ट्रांसफार्मर और फीडरों के लिए उपयुक्त स्थान तय किया, जिससे इंदौर शहर से खजराना मेट्रो स्टेशन तक बिजली पहुंचाना संभव हो सका. मेट्रो परियोजना के लिए बिजली आपूर्ति दो 132 केवी डेडिकेटेड सर्किटों के माध्यम से की जाएगी, जिससे खजराना स्थित मेट्रो सबस्टेशन को पर्याप्त और भरोसेमंद बिजली मिल सकेगी. इस कार्य के लिए मेट्रो परियोजना की ओर से लगभग 26.26 करोड़ रुपये जमा किए गए थे, जिसके बाद यह काम एमपी ट्रांसको की देखरेख में पूरा हुआ.

### शहर की बिजली व्यवस्था मजबूत हुई

इस नए ट्रांसफार्मर के शुरू होने से न केवल मेट्रो परियोजना को लाभ मिलेगा, बल्कि पूरे इंदौर शहर की बिजली व्यवस्था भी मजबूत हुई है. अब शहर की कुल ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता बढ़कर 4652 एमवीए हो गई है, जिससे भविष्य में बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करना और आसान होगा.

## हंसदास मठ पर अधिकमास में अनुष्ठान 17 से

इंदौर. पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में 17 मई से 15 जून तक, पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा भगवान रणछोड़जी की साक्षी में श्रीमद भागवत पारायण (मूलपाठ) एवं रामायण पारायण तथा जाप का दिव्य अनुष्ठान होगा. मठ परिवार के महंत पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवान लक्ष्मीनारायण का गोपाल सहस्त्रनाम एवं श्रीसूक्त पाठ भी होगा।

## होलकर साइंस कॉलेज में इंटर्नशिप पर विवाद छात्रों के आरोप, कॉलेज प्रशासन ने किया खंडन

नवभारत न्यूज

**इंदौर ।सोमवार को करणी सेना ने इंदौर छ्ङ्कङ्क में प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने होलकर साइंस कॉलेज में हुए संभावित इंटर्नशिप घोटाले और इसमें यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट ऑफिसर की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जांच कमेटी बनाने की मांग की है।**

कई छात्र डीएवीवी में रजिस्ट्रार को ज्ञापन देने पहुंचे ।छात्र नेता श्याम शुक्ला ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत अवनीश व्यास इंफ्लेक्स सर्विस कंपनी के डायरेक्टर हैं और उसी कंपनी के जरिए कॉलेज में इंटर्नशिप करवाई जा रही है। उनका कहना है कि सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद निजी कंपनी से जुड़ना नियमों के खिलाफ है।

छात्रों के मुताबिक, इंटर्नशिप के नाम पर पर्सनल त्त्क्रकोड से फीस ली जाती है और पक्की रसीद नहीं दी जाती। 90 घंटे की इंटर्नशिप के बजाय कम समय की क्लास लेकर सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही है। कई कई छात्रों को एक कमरे में थोड़े समय के लिए पढ़ाया जाता है और फर्स्ट ईयर से लेकर फाइनल ईयर तक सभी को एक जैसी इंग्लिश और पीडी (पर्सनैलिटी डेवलपमेंट) क्लास दी जा रही है।

### कॉलेज की प्रिंसिपल ने आरोपों को गलत बताया

श्याम शुक्ला ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनका एडमिट कार्ड प्रोफाइल से हटा दिया गया और उनसे माफी मांगने को कहा गया, जबकि उनकी परीक्षा 11 तारीख से शुरू होनी है। वहीं कॉलेज की प्रिंसिपल ने इन आरोपों को गलत बताया। उनका कहना है कि कुछ छात्र अपने स्वार्थ या अन्य कारणों से विरोध कर रहे हैं और कुछ छात्र कॉलेज के भी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप के लिए कई संस्थाओं से समझौते (स्रू) करना सामान्य प्रक्रिया है। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी नागेश ने भी सफाई दी। उन्होंने कहा कि टेंडर की जरूरत नहीं होती, यह दो पक्षों का आपसी समझौता होता है। 400 छात्रों को एक साथ पढ़ाने की बात भी गलत बताई गई। उनके अनुसार यह ट्रेनिंग छात्रों के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और इंग्लिश सुधार के लिए करवाई जा रही है, क्योंकि कंपनियों ने छात्रों में सॉफ्ट स्किल्स की कमी बताई थी। फिलहाल छात्रों और कॉलेज प्रशासन के बीच विवाद बना हुआ है

## एयरपोर्ट पर पक्षियों और जानवरों को दूर रखने के लिए लगाएं अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम

- संभागायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर अब उड़ानों को और सुरक्षित बनाने के लिए कुछ नए कदम उठाए जा रहे हैं. सोमवार हुई एक बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने अधिकारियों से कहा कि एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों और वन्य जीवों की समस्या को कम करने पर खास ध्यान दिया जाए. इसके लिए अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम लगाने की बात कही गई, जिससे पक्षी रनवे के पास न आएं, और जरूरत पड़ने पर सेंसर के जरिए पहले से अलर्ट भी मिल सके.

इसके अलावा एयरपोर्ट के आसपास नियमित निगरानी रखने, नगर निगम के साथ मिलकर निरीक्षण करने और हर महीने स्थिति की समीक्षा करने पर भी जोर दिया गया। रनवे और आसपास के इलाकों में बड़े पेड़ों की छंटाई करने, बिजासन टेकरी क्षेत्र पर नजर रखने और इंदौर-पीथमपुर मार्ग पर फैले कचरे को साफ कराने की बात भी सामने आई.



**फेंसिंग की मरम्मत समय पर करें:** साथ ही यह भी कहा गया कि एयरपोर्ट के आसपास आवारा कुत्तों को हटाने, फेंसिंग की मरम्मत समय पर करने और आग से बचाव के लिए जरूरी इंतज़ाम करने पर ध्यान दिया जाए. कुल मिलाकर कोशिश यही है कि एयरपोर्ट के आसपास का माहौल साफ और सुरक्षित रहे, ताकि उड़ानों में किसी तरह की रुकावट न आए.

## स्वाद के लिए नहीं, अपितु स्वस्थ रहने के लिए आहार लें

**इंदौर.** स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने आहार पर ध्यान देना है. सही समय पर सही आहार लेना सबसे बड़ी दवाई है. लेकिन वर्तमान समय की बिगड़ी हुई जीवन शैली में देर रात जागना, देर से भोजन करना, टीवी देखते, मोबाइल चलाते भोजन करना इससे हमारा शरीर रोगी होता है और शरीर में बीमारी होने से मन भी बीमार हो जाता है.हमें भोजन जिव्हा के स्वाद के लिए नहीं अपितु स्वस्थ रहने के लिए करना है. उक्त विचार ज्ञान मंथन व्याख्यान माला के अंतर्गत ज्ञानशिखर में सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता एवं हेल्थ काउंसलर डॉ. दिलीप नलगे ने व्यक्त किए. इसके पूर्व क्षमा की शक्ति विषय पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि क्षमा भाव ऐसी दवा है जो हर घाव को भर देती है. क्षमा करना स्वयं के द्वारा लिया गया एक कठोर फैसला है. क्षमा करना और क्षमा मांग लेना व्यक्ति के व्यक्तित्व की महानता को दर्शाता है. गलती होना प्रकृति है, स्वीकार करना संस्कृति है और सुधार लेना प्रगति है.



**एक नजर में** | रचनाकार त्रिवेणी का शपथग्रहण समारोह

## साहित्य, सांगीतिक, सांस्कृतिक परिवारों से मिली अधिमान्यता

**इंदौर.** पिछले बीस सालों में इंदौर में साहित्य की सक्रियता के साथ संगीत और संस्कृति की विरासत फैली है. रचनाकार त्रिवेणी पहली ऐसी संस्था है जिसे साहित्यिक, सांगीतिक और सांस्कृतिक परिवारों ने अधिमान्यता दी है. यह बात मुख्य अतिथि साहित्यकार मनीष वैद्य ने इंदौर प्रेस क्लब में रचनाकार त्रिवेणी के शपथग्रहण समारोह में कही.

उन्होंने कहा यह बहुत बड़ी बात है कि संस्था को शैशव काल में 101 सदस्यों का साथ मिला. उन्होंने कहा हम इंसान हैं और हमारे अंदर इंसानियत साहित्य से संगीत से और ललित कलाओं से आती है. विशेष




अतिथि अर्चना चितले ने कहा लेखन, अभिनय आदि कलाओं में संवेदनशीलता का भाव साहित्य से आता है. तीनों एक दूसरे के पूरक हैं. विशेष अतिथि संगीता अग्निहोत्री ने कहा संगीत में ताउम्र रियाज जरूरी है उसी तरह लेखन भी जिंदगी भर सीखने जैसा है.

**हर विधा में नवाचार करेंगे :** अध्यक्ष मीनाक्षी पुराणिक ने कहा आज डिजिटल माध्यमों से नई तकनीकें और सोच का दायरा बढ़ गया है. लेखन हो या अन्य आर्ट की विधाएँ हों हम उसी के अनुरूप अपनी सदस्यों के साथ नवाचारों पर फ़ोकस करेंगे. संस्थापक संध्या रायचौधरी नें संस्था का परिचय देते हुए बताया कि सलाहकारों की भूमिका में डॉ नीहार गीते, डॉ ॠषिना नातू, डॉ रजनी भंडारी और अनुप्रिया देवताले हैं. सचिव तृप्ति भूतड़ा हैं, संयोजक मणिमाला शर्मा और समन्वयक संध्या राणे व संगीता चौहान हैं. संचालन डॉ स्वाति सिंह ने किया.